आकाशवाणी भोपाल

शाम के समाचार

दिनांक 30.07.2024 समय: 7.10 PM

मुख्य समाचार...

- प्रदेश की आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं का होगा प्रधानमंत्री जीवन ज्योति बीमा योजना और प्रधानमंत्री सुरक्षा बीमा योजना के तहत बीमा।
- लाड़ली बहनों को 450 रुपये में रसोई गैस सिलेंडर जारी रखने को मिली मंजूरी, 40 लाख महिलाओं को मिलेगा फायदा ।
- भारतीय निशानेबाज मनु भाकर और सरबजोत सिंह ने पेरिस ओलिंपिक में कांस्य पदक पर साधा निशाना ।

और

- प्रदेश में अब तक हो गयी मानसून सीजन की आधी बारिश, कल से फिर झमाझम बारिश की सम्भावना ।

--------------

आंगनवाड़ी बीमा योजना

राज्य मंत्रि-परिषद ने प्रदेश की आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं, मिनी आंगनवाडी कार्यकर्ताओं और सहायिकाओं को प्रधानमंत्री जीवन ज्योति बीमा और प्रधानमंत्री सुरक्षा बीमा योजना के तहत बीमा कवर का लाभ देने की स्वीकृति दे दी है । इन योजनाओं पर अमल के लिए दो वित्तीय वर्ष के लिये 12 करोड़ 10 लाख रूपये की स्वीकृति प्रदान की गई है ।

प्रधानमंत्री जीवन ज्योति बीमा योजना में 436 रुपये प्रति हितग्राही वार्षिक प्रीमियम के भुगतान पर 2 लाख रुपये का जीवन जोखिम कवर किया जाएगा। वहीँ, प्रधानमंत्री सुरक्षा बीमा योजना में 20 रुपये

वार्षिक प्रीमियम के भुगतान से दुर्घटना की स्थिति में 2 लाख रुपये तक का बीमा मिलेगा है। प्रीमियम की राशि में भारत सरकार 60 प्रतिशत तथा राज्य सरकार 40 प्रतिशत योगदान देगी ।

लाड़ली बहना गैस
राज्य मंत्रिपरिषद की आज हुई बैठक में प्रदेश में लाड़ली बहनों को 450 रुपये में रसोई गैस सिलेंडर जारी रखने को मंजूरी दी गयी । इससे ऊपर की राशि की भरपाई राज्य सरकार करेगी। इससे करीब 40 लाख महिलाओं को लाभ होगा.पिछले साल चुनाव से पहले तत्कालीन मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने लाड़ली बहनों को रक्षाबंधन पर गैस सिलेंडर 450 रुपए में देने की घोषणा की थी । नगरीय विकास एवं आवास मंत्री कैलाश विजयवर्गीय ने मंत्रिपरिषद की बैठक में हुए निर्णयों की जानकारी देते हुए बताया कि मंत्रिपरिषद ने निर्णय लिया है कि प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना में जो सड़कें अधूरी रह गई हैं, उन्हें अब राज्य सरकार द्वारा बनाया जाएगा। इसके लिए 56 करोड़ रुपये का प्रविधान किया गया है। मध्य प्रदेश के 22 जिलों के एलोपैथी चिकित्सालय में चिकित्सा के सभी विकल्प उपलब्ध कराने के लिए आयुष विंग की स्थापना की जाएगी। इसके संचालन के लिए 213 पदों की स्वीकृति दी गई।

संपूर्णता अभियान-मुरैना
मुरैना में संपूर्णता अभियान के तहत सभी छः मानकों पर लक्ष्य हासिल करने के लिए विभिन्न प्रयास किये जा रहे हैं.

विज्ञान सम्मेलन-एम्प्री
मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि विज्ञान को समझना सरल है। इस दिशा में कार्य करते हुए ही मध्यप्रदेश में मेडिकल की पढ़ाई हिंदी में आरंभ की गई। मुख्यमंत्री ने सीएसआईआर-प्रगत पदार्थ तथा प्रक्रम अनुसंधान संस्थान-एम्प्री द्वारा आयोजित राष्ट्रीय हिंदी विज्ञान सम्मेलन-2024 के शुभारंभ अवसर पर यह बात कही। डॉ. यादव ने एम्प्री के अर्धवार्षिक प्रकाशन "अनुसंधान संदेश" तथा

राष्ट्रीय हिंदी विज्ञान सम्मेलन-2024 की स्मारिका का विमोचन किया। हिंदी भाषा के माध्यम से विज्ञान और प्रौद्योगिकी को लोकप्रिय बनाने के उद्देश्य से एम्प्री भोपाल द्वारा विभिन्न संस्थानों के सहयोग से राष्ट्रीय हिन्दी विज्ञान सम्मेलन आयोजित किया गया है। सम्मेलन में 30 समानांतर सत्रों में विज्ञान एवं तकनीक पर 300 से अधिक शोध पत्र प्रस्तुत किए जा रहे हैं।

रीजनल इंडस्ट्री कॉन्क्लेव

प्रदेश में अगला रीजनल इंडस्ट्री कॉन्क्लेव ग्वालियर में 28 अगस्त को आयोजित किया जाएगा। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने बताया कि सभी जिलों में निवेश और औद्योगिक गतिविधियों को प्रोत्साहित करने के लिए स्थानीय परिस्थितियों और आवश्यकतानुसार कार्य किया जाए। परंपरागत उद्योग और व्यापार- व्यवसाय में लगे लोगों को भी अपनी गतिविधियों के विस्तार के लिए प्रोत्साहित किया जाए।

मनु - कांस्य

भारतीय निशानेबाज मनु भाकर और सरबजोत सिंह ने आज पेरिस ओलिंपिक में दस मीटर एयर पिस्टल मिक्स्ड टीम स्पर्धा में भारत के लिए दूसरा कांस्य पदक जीता। मनु भाकर एक ही ओलंपिक में दो पदक जीतनें वाली पहली भारतीय खिलाड़ी बन गईं। इससे पहले मनु भाकर नें रविवार को दस मीटर पिस्टल शूटिंग में कांस्य पदक जीतकर भारत  का खाता खोला था। वहीँ, भारतीय पुरुष हॉकी टीम ने आयरलैंड को 2-0 से हराते हुए अपना अजेय अभियान जारी रखा । दोनों गोल हरमन प्रीत सिंह ने किये.

गैस कांड कचरा

भोपाल सांसद आलोक शर्मा ने लोकसभा में आज भोपाल की यूनियन कार्बाइड परिसर में पडे जहरीले कचरे का निपटारा न होने का मामला उठाया। शून्यकाल के दौरान उन्होंने कहा कि 40 वर्ष बाद भी वहां पर मौजूद जहरीला कचरा हटाया नहीं गया है और 337 मीट्रिक टन कचरा

निष्पादन के लिए बचा हुआ है। उन्होंने बताया कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और केंद्रीय पर्यावरण मंत्री भूपेंद्र यादव की अध्यक्षता में गठित समिति ने 126 करोड़ रुपए की धनराशि इस काम के लिए उपलब्ध करा दी लेकिन कचरे का निष्पादन नहीं हो पाया।

मौसम

प्रदेश में मानसून के आगमन के बाद 38 दिन में ही सीजन की आधी बारिश हो गई है। सबसे ज्यादा सिवनी जिले में 31 दशमलव 2-6 इंच पानी गिरा है। आज से एक और स्ट्रॉन्ग सिस्टम सक्रिय हो रहा है। इसलिए कल से एक बार फिर पूरा प्रदेश तरबतर होगा। इधर,भोपाल में आज कलियासोत डैम के 13 में से 2 गेट खोल दिए गए। गेट जांच के लिए खोले गए । जबलपुर में भी बरगी बाँध के सात गेट खोलने पड़े हैं.

उधर, मौसम विभाग ने छतरपुर, छिंदवाड़ा, सिवनी, मंडला, बालाघाट, डिंडौरी और अनूपपुर में तेज बारिश का अलर्ट जारी किया है।

एनपीएस-वेतन आयोग

वित्त राज्य मंत्री पंकज चौधरी ने आज राज्यसभा में बताया कि सरकारी कर्मचारियों के लिए पेंशन प्रणाली की समीक्षा के लिए गठित समिति ने अपनी अंतिम रिपोर्ट नहीं सौंपी है और केंद्र सरकार के कर्मचारियों के वेतन में संशोधन के लिए 8वें केंद्रीय वेतन आयोग के गठन का कोई प्रस्ताव नहीं है। उन्होंने कहा कि नई पेंशन योजना को खत्म करने और ओपीएस को बहाल करने के लिए विभिन्न क्षेत्रों से समय-समय पर आवेदन प्राप्त हुए हैं। इन्हें पेंशन प्रणाली की समीक्षा के लिए गठित समिति के समक्ष रखा गया है।

समाचार संक्षेप में...

1. श्योपुर जिला शिक्षा अधिकारी की रिपोर्ट के आधार पर मध्यप्रदेश मदरसा बोर्ड ने 56 मदरसों की मान्यता समाप्त कर आदेश जारी कर दिये है। ये मदरसे नियमानुसार संचालित नहीं हो रहे थे.

2. रीवा जिले में खरीफ विपणन वर्ष 2023-24 में समर्थन मूल्य पर क्रय की गयी धान के परिवहन एवं मिलिंग भुगतान में अनियमितता पर मिलिंग प्रभारी को निलंबित कर दिया गया है।

3. कटनी मे स्वच्छ सर्वेक्षण 2024 के अंतर्गत नगर पालिक निगम द्वारा विभिन्न गतिविधियों का आयोजन कर लोगो को स्वच्छता के प्रति जागरूक किया जा रहा है।

4. केंद्रीय वन मंत्री भूपेंद्र यादव ने उत्कृष्ट कार्य और साहस के लिए नर्मदापुरम जिले के सतपुड़ा टाइगर रिजर्व के वन रक्षकों और बोट चालक को सम्मानित किया।

5. नीमच में जिला जल एवं स्वच्छता मिशन की बैठक कल दोपहर में कलेक्टोरेट सभागृह में आयोजित की गई है।

6. सीहोर में आज मध्यप्रदेश जल निगम की सीहोर इकाई द्वारा आष्टा के ग्राम रानीपुरा ग्रामीण समूह जल प्रदाय योजना के संबंध में एक दिवसीय जिला स्तरीय उन्मुखीकरण कार्यशाला आयोजित की गई।

7. छतरपुर जिला पंचायत सभाकक्ष में जिला स्तरीय जनसुनवाई सम्पन्न हुई। जनसुनवाई में निःशुल्क शिकायती आवेदन लिखवाने की व्यवस्था कि गई।

8. अशोकनगर में आज खाद्य सुरक्षा मानक प्राधिकरण की फोसटेक योजना के अंतर्गत खाद्य व्यापारियों को खाद्य सुरक्षा के बारे में प्रशिक्षण दिया गया।

और

9. बैतूल में कलेक्टर ने जनसुनवाई के दौरान 142 प्रकरणों पर कार्रवाई की। इनमें फीस माफी से लेकर वेतन नहीं मिलने संबंधी शिकायते भी थीं.